कथा से पूर्व कथावाचक के सहायक को साढे छब्बीस लाख रुपये दिये

■ आयोजन समिति के पूर्व सचिव ने कहा कि पैसे नही देने का आरोप निराधार

जालोर, (कासं)। जालोर में कथावाचक का मामला अभी तक शांत नही हुआ है कथावाचक के जालोर से प्रस्थान करने को लेकर अभी दो दिन रहे है वही 8 अगस्त को भण्डारा के साथ कथावाचक अभयदास को विदाई दी जायेगी। वही कथा के दौरान बार बार आयोजन समिति पर पैसे नही देने के आरोप लगाने पर बुधवार को आयोजन समिति के पूर्व सचिव कानाराम परमार व गजेन्द्रसिंह सिसोदिया प्रेस से रुबरु हुए । जालोर में कथावाचक द्वारा आयोजन समिति पर मिथ्या आरोप लगाने पर आयोजन समिति के सचिव कानाराम परमार व गजेन्द्रसिंह प्रेस से रुबरु होते हुए कहा कि आयोजन समिति ने श्रावण माह में विभिन्न धार्मिक कथा हेतु अभयदास महाराज तखतगढ धाम के द्वारा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की अध्यक्षता में जालौर चातुर्मास का निमंत्रण अभयदास महाराज की इच्छा अनुसार स्वीकार किया।जिसमें नगर प्रवेश कलश यात्रा ऐतिहासिक रही।समिति बडे खेद के साथ जालौर की जनता को अवगत करवा रही है कि स्वामी अभयदास महाराज अच्छे ज्ञानी श्रेष्ठ कथाकार संत ओजस्वी वाणी के धनी होने पर भी मूल विषय से विचलित हुए आयोजन समिति को दरकिनार कर स्वयंभू बनकर कार्य करने से जालौर के हिंदू समाज संत महात्मा समाज तथा हिंदुत्व में समरसता के बजाय बिखराव होने लगा। महाराज से बार बार आयोजन समिति द्वारा विनम्र निवेदन किए जाने के उपरांत भी अपनी हङ्गधर्मिता बनी रही,जो ज्ञानी साधु संत के लिए शोभनीय एवं जालौर निवासियों के लिए उचित नहीं था।आयोजन समिति को मंच से बार-बार अपमानित करने विभिन्न दोषारोपण करने के फलस्वरुप अपना निर्णय महाराज को बताया गया । महाराज स्वयं की इच्छा से अपने पैतृक निवास तखतगढ चले गए। आयोजन समिति ने किसी साधु संत भगवाधारी होने से उनके विरुद्ध कोई शब्द नहीं बोलना उचित समझा,लेकिन वर्तमान में महाराज द्वारा राशि के दुरुपयोग एवं व्यवस्था के संबंध में आरोप आयोजन समिति पर खुलेआम जनता पर लगाकर जालौर की जनता को भ्रमित कर रहे हैं। आयोजन समिति के कानाराम मेघवाल ने बताया कि आयोजन समिति ने सर्वसम्मति एवं अध्यक्ष के निर्देशानुसार राशि का ब्यौरा पेश किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा चातुर्मास आयोजन में 18 जुलाई तक 26,50,000 रुपये का महाराज के मैनेजर विजय राज को भुगतान किया गया । जिसमें टेंट व्यवस्था 13 लाख के विरुद्ध 5 लाख अग्रिम राशि कलश यात्रा के लिए साडी, कलश, नारियल नगर प्रवेश इत्यादि राशि का संपूर्ण भुगतान शामिल है।

महाराज की पूरी टीम कौशल्या माता धर्मशाला में निशुल्क व्यवस्था जलंधर नाथ अखाडे द्वारा की गई । महाराज की टीम के भोजन व्यवस्था के लिए 1 लाख से अधिक किराणे के समान का भुगतान एवं कथा के दौरान विभिन्न व्यय महाराज के साफे, फुल, ढोल ढमाके प्रसाद इत्यादि सभी आयोजन समिति द्वारा किया जाता रहा है । कुल मिलाकर 18 जुलाई तक आयोजन समिति का 41,70,545 का व्यय हुआ है। आज भी आयोजन समिति पर करीब 12 से 13 लाख उधार बाजार में चल रहा है, जिसका भुगतान आयोजन समिति को करना है। आयोजन समिति आज जनता को अवगत कराना चाहती है कि हमारे द्वारा किसी प्रकार की रसीद छपवाकर व्यापारी ठेकेदार इत्यादि से चंदा इकट्ठा नहीं किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों का व्यक्तिगत प्रयास से सहयोग से करीब 30 लाख रुपए शामिल किया गया है । ऐसी स्थिति में महाराज आप आयोजन समिति को दोषारोपित करना सरासर गलत है जालौर में वैमनस्य फैलाना कभी उचित नहीं है। आयोजन समिति द्वारा महाराज के साथ समर्पित भावना से कार्य किया। महाराज अपनी अति महत्वाकांक्षा के कारण आयोजन समिति को बैक फुट पर आना पडा। आयोजन समिति महाराज के समरसता संकल्प के क्रम आग्रह करती है कि चातुर्मास अवधि में आप दो बार जालौर से बाहर गये । चातुर्मास संकल्प भंग नहीं हुआ। आपने कथा मंच से आयोजन समिति को बार-बार अपमानित किया क्या यह उचित है। आपने अपने वीडियो में कथा विषय के बारे में प्रशासनिक अधिकारी एवं बडे नेता के प्लान में शामिल है । आप उनके नाम का खुलासा करें। जालौर जिले के सनातन संतों के बारे में जारी वक्तव्य किया, वह उचित था। कथावाचक के व्यक्ति को दिए गए राशि 26,50,000 रुपये का खर्च ब्यौरा जारी करें। प्रेस वार्ता के दौरान नन्दकिशोर जेथलिया, दिलीप सोलंकी,रवि सोलंकी, सुरेश सोलंकी,अशोक गुर्जर,सुरेश सुंदेशा, रतन सुथार,दिनेश महावर, भागीरथ गर्ग, ओम प्रकाश आर्य, जोगाराम मीणा, रमेश मेघवाल,मेथी देवी, मयंक देवडा, हेमेंद्रसिंह बगेडिया, महेश भट्ट, डिम्पलसिंह सहित समिति सदस्य उपस्थित थे। कथावाचक सुबह मांग रहे भिक्षा, शाम को नानी बाई का मायरा, बैनर लगवाने का भुगतान दिलवाने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन - जालोर में कथावाचक अभयदास महाराज भगतसिंह स्टेडियम के पास एक भक्त के घर से ही नानी बाई का मायरा कथा का वाचन कर रहे है वही शाम को कथा सुनने वाले लोगो की भीड नजर आ रही है वही प्रतिदिन सुबह अपने भक्तो के साथ भिक्षा लेकर भोजन ग्रहण कर रहे है वही कथावाचक के भगतसिंह स्टेडियम में कथा करवाने को लेकर विज्ञापन व बैनर लगाने वाले विक्रमसिंह ने जिला कलैक्टर जालोर को मंगलवार को ज्ञापन सौपकर विज्ञापन व बैनर लगवाने का भुगतान करवाने की मांग की गई। जालोर में कथावाचक लगातार भगतसिंह स्टेडियम के पास नानी बाई का मायरा कथा का वाचन कर रहे है कथा सुनने के रात्रि तक भक्तो की भीड नजर आ रही है

सार-समाचार

अधिकारी और कार्मिक आपसी समन्वय से करेंगे शिक्षा हित में कार्य

जालोर, (कासं)। शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य एवं समकक्ष पदों पर हाल ही में स्थानांतरण हुए हैं। स्थानांतरण के दौरान जिले में विभिन्न पदों पर पदस्थापित अधिकारियों का गुरुवार को जिला मुख्यालय पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से स्वागत बहुमान कर शिक्षा शिक्षण कार्य हेतु चर्चा हुई। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के उपशाखा जालौर अध्यक्ष कृष्णपालसिंह सामूजा ने बताया कि हाल ही में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा लहरीराम माली, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा प्रकाशकुमार दवे तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम ब्लॉक जालौर के पद पर जबरसिंह देवडा का कार्यग्रहण हुआ है इन सभी अधिकारियों का शिक्षक संघ द्वारा अभिनंदन स्वागत किया गया। जिला संरक्षक नारायणसिंह राठौड एवं संभाग संयुक्त मंत्री महिला रेखा राठौड के नेतृत्व में नव पदस्थापित अधिकारियों का स्वागत करते हुए शिक्षा एवं संगठन के कार्य के लिए चर्चा की गई। ब्लॉक कार्यालय में एसबीईओ जबरसिंह देवडा ने साथ मिलकर ब्लॉक में शिखर के नवाचार के लिए कार्य की बात कही और एडीईओ माध्यमिक लहरीराम माली ने कहा कि मैं आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। प्रारंभिक शिक्षा के एडीईओ प्रकाशकुमार दवे ने प्रारंभिक शिक्षा में सकारात्मक कार्य की बात कही। इस दौरान जिला सह संगठन मंत्री गणपतसिंह मंडलावत, ब्लॉक महिला मंत्री मीना परमार, ब्लॉक मंत्री मूलाराम प्रजापत, चंदनसिंह चंपावत, मंगलसिंह बालोत, हरीशकुमार, लादूराम, हिम्मतसिंह, कल्पेश बोहरा, बसंतकुमार, सीता ओड, संतोष सोलंकी, महिपालसिंह आनंदसिंह, भूपेंद्रसिंह, कानसिंह, भवरु खान, रघुनाथराम सहित जिला महासमिति सदस्य और जिला और ब्लॉक के बडी संख्या में शिक्षक संघ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जन सुरक्षा कैम्प का आयोजन

जालोर, (कासं)। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने व लाभान्वित करने के उद्देश्य से रानीवाड़ा पंचायत समिति की तावीदर ग्राम पंचायत में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प में जिला अग्रणी बैंक, जालोर के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार और सांख्यिकी विभाग, जालोर के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित द्वारा निरीक्षण किया गया। कैम्प में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन खातों में केवाईसी अपडेट, प्रधानमंत्री जन धन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा तथा अटल पेंशन जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी के साथ पात्र ग्रामीणों को लाभांवित किया गया। इस अवसर पर तावीदर ग्राम पंचायत के प्रशासक कालू सिंह, क्रिसील फाउंडेशन वित्तीय साक्षरता केंद्र सायला के सेंटर मैनेजर भंवर लाल, राजस्थान ग्रामीण बैंक करड़ा के शाखा प्रबंधक सुखविंदर सिंह, आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार, बैंक ऑफ इंडिया, शाखा रानीवाड़ा के सीएसपी हरीश माली, शैतान सिंह उपस्थित रहे।

स्वच्छता मिशन की बैठक 8 को

जालोर, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 38वीं मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 8 अगस्त, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना में प्रगतिरत पेयजल योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण हुई योजनाओं एवं एसबीएम-जी2 कार्यों की समीक्षा तथा जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन व संधारण के हस्तांतरण एवं संभावित व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, नल जल मित्रों के प्लम्बर ट्रेड हेतु प्रशिक्षण, विद्यालयों व आंगनवाड़ियों में पेयजल की समीक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।

सावन माह में कवड़ यात्रा का आयोजन

बालोतरा, (निसं)। सावन के पवित्र माह में स्थानीय आंगडिया गली कुम्हारों का चौक स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कावड यात्रा का आयोजन किया गया। बुधवार अल सवेरे शिव भक्त,महिलाओं सहित बच्चे कावड लेकर मंदिर परिसर पहुँचे।वहां से रवाना होकर छत्ररियों का मोर्चा स्थित मरु गंगा लूणी के तट पर पहुँच कर मरु गंगा की पूजा अर्चना कर अपने अपने कावड में मरु गंगा का पवित्र पानी भरकर डीजे पर बजते धार्मिक गीतों पर नाचते झूमते हुए पंचायत समिति रोड,पुराना पादरू बस स्टैंड, कचहरी रोड,शास्त्री चौक, पुराना बस स्टैंड,द्वितीय रेलवे अंडर ब्रिज,आंगडिया गली होते हुए पुनः नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुँच कर सभी कावरियों का तिलक लगाकर व काव? को तिलक लगाकर मंदिर में प्रवेश करवा कर मंदिर पुजारी जगदीश दास वैष्णव, किशन वैष्णव व रामसुख वैष्णव द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर अभिषेक करवाकर कर महा आरती की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।इस दौरान शिव भक्त ओमप्रकाश प्रजापत, रमेश कुमार वैष्णव, भंवरलाल बागरेचा,पूर्व पार्षद नगराज प्रजापत, रावत राम भाटी,भंवरलाल,महेश गुजराती,घेवरचंद, भगवानाराम,सहित सैकडो की सँख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

संविधान में किसी भी प्रकार का बदलाव सहन नहीं होगा : मेघवाल

जालोर, (कासं)। आहोर उपखण्ड मुख्यालय पर संविधान बचाओ अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी आहोर को ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व विधायक व संविधान बचाओ अभियान के जिला समन्वयक पदमाराम मेघवाल ने कहा कि भारत के संविधान में किसी भी प्रकार का बदलाव सहन नहीं किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा निरंतर दबाव के बाद केंद्र सरकार ने एक न्याय संगत और लोकतांत्रिक जाति आधारित जनगणना की मांग को स्वीकार किया। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 15 (5)को तत्काल लागू किया जाए ताकि ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदाय को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिल सके। आहोर विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी ने कहा कि जाति जनगणना में किसी भी प्रकार की देरी, बहानेबाजी या प्रशासनिक टालम टोल नहीं किया जाना चाहिए और यह प्रकिया पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए, जिसमें संसद में तत्काल बहस और पूर्ण बजट प्रावधान शामिल हो। प्रश्नावली गणना वर्गीकरण और डाटा प्रकाशन की प्रक्रिया समावेशी और सहभागी होनी चाहिए।

पूर्व प्रत्याशी सवाराम पटेल ने कहा कि नवीनतम जाति आंकडों का उपयोग आरक्षण शिक्षा रोजगार और लक्षित कल्याण नीतियों की समीक्षा और मजबूती के लिए किया जाए। इस दौरान सभी ने विधानसभा क्षेत्र आहोर के अधिकांश गांव में बिजली, पानी, सडक आदि की समस्याओं के निराकरण के साथ किसानों को फसल बीमा क्लेम जल्दी दिलवाने सहित विभिन्न समस्याओं की निराकरण की मांग की। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र सिंह कुंपावत ने किया। इस दौरान उमसिंह चाँदराई, जगदीश चौधरी, वीरेंद्र जोशी, गलबाराम मीणा, मांगीलाल प्रजापत , भंवरलाल छिपा, कुशालसिंह राजपुरोहित, पीरसिंह बालोत, युद्धवीर सिंह, कालूराम मेघवाल, हस्तीमल सुथार, प्रकाशसिंह, वचनाराम मीणा, विक्रम सिंह, हनसिंह, वागाराम मेघवाल, नारायण सिंह,तेजसिंह बालोत, मांगीलाल चौधरी, गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, पन्नाराम, मकराराम, नरसाराम, महेंद्र सिंह,भारमल कोटडा, बालूसिह, पोलाराम, खेतसिंह, मेलापचंद, रणछोडराम, रमेश मेघवाल, ईश्वर सोलंकी, मंजू देवी मेघवाल, थानाराम,इंद्र प्रजापत समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण

जालोर, (कासं)। जन आधार योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण सहायक विकास अधिकारी किशनलाल प्रजापत की अध्यक्षता में पंचायत समिति सांचौर के वीसी रूम में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में अति. जन आधार योजना अधिकारी एवं ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी दिनेश मीणा ने जन आधार प्रथम सत्यापक ग्राम विकास अधिकारियों को जन आधार एप्लीकेशन 2.0 में संशोधन एवं सत्यापन करते समय सावधानी बरतने आदि के बारे में जानकारी दी। संगणक हितेश कुमार पुरोहित ने जन आधार 2.0 पोर्टल में किए गए नवीनतम संशोधन एवं प्रक्रियाओं में किए गए सरलीकरण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि सरकारी कार्मिकों के बच्चों के नाम आरजीएचएस में स्वचालित रूप से जोड़े जाएंगे। जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर स्वचालित रूप से जन आधार में नाम जुड जाएगा और विवाह प्रमाण के आधार पर दुल्हन का

शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण

जालोर, (कासं)। घुमन्तू परिवार के बच्चों के लिए संचालित गुरुकुल छात्रावास जालोर में बुधवार को एक प्रेरणादायी कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सामग्री एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना था। इस पुनीत कार्य में रोटेरियन रमेश जी जैन (तिखी) का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने व्यक्तिगत सहयोग से सामग्री उपलब्ध करवाई।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्र सं-WB-74-W-O/Works/NIT दिनांकः 05.08.2025 मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है- **ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 82of2025-26 कार्य का नाम व स्थान :** Provision of W Metal Beam Crash Barrier (28000 m) in the section of SSE/PW/Samdari under ADEN/Samdari of Jodhpur Division. **अनुमानित लागत रूपये :** 102415190.94 **बयाने की राशि रूपये :** 662100.00 **ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 83of2025-26 कार्य का नाम व स्थान :** Provision of W Metal Beam Crash Barrier (20000 m) in the section of SSE/PW/Jalor under ADEN/Samdari of Jodhpur Division **अनुमानित लागत रूपये :** 73153707.82 **बयाने की राशि रूपये :** 515800.00 **ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 84of2025-26 कार्य का नाम व स्थान :** Provision of W Metal Beam Crash Barrier (20000 m) in the section of SSE/PW/Dhanera under ADEN/Samdari of Jodhpur Division **अनुमानित लागत रूपये :** 73153707.82 **बयाने की राशि रूपये :** 515800.00 **ई-निविदा सूचना सं. 2025-26 : 87of2025-26 कार्य का नाम व स्थान :** Provision of W Metal Beam Crash Barrier (22000 m) in the section of SSE/PW/Balotra under ADEN/Barmer of Jodhpur Division **अनुमानित लागत रूपये :** 80469078.60 **बयाने की राशि रूपये :** 552400.00 **निविदा सूचना संख्या 82of2025-26, 83of2025-26, 84of2025-26 एवं 87of2025-26 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 28.08.2025 को 15:00 बजे तक है।** वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है - **www.ireps.gov.in**

975-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

सम्मन बनाम रेस्पोडेण्ट

(आर्डर 4 रुल जाब्ता दीवानी)

अज अदालत..... जिला न्यायाधीश, सिरोही ।

ब - ईजलाय श्रीमती रुपा गुप्ता (DJ Cadra)

अपीलान्ट ..... चुनीबाई ..... मुदायलाह ...... निर्मल परशुराम जोशी व अन्य ।

दावा बाबत् अपील अन्तर्गत धारा 96 सी पी सी

अपील संख्या : 32/2022....

बनाराजगी फैसला अदालत : आदेश श्रीमान वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, सिरोही, सिविल मुल वाद संख्या : 08/2022, चुनीबाई बनाम निर्मल परशुराम वगैरा, आदेश दिनांक 16.08.2022

मुसम्मी :-

1. श्री निर्मल परशुराम जोशी पुत्र परशुरामजी जोशी, निवासी: ए- 2002, बिल्डिंग संख्या 11, निलयोग समुद्री टावर, खोत कुँआ रोड, मलाड - ईस्ट मुम्बई, पिन - 400097 2. श्री इन्द्रसिंह पुत्र श्री हडमतसिंह जाति राजपुत निवासी निम्बज, तहसील रेवदर, जिला सिरोही, राजस्थान । 3. सुरेशकुमार पुत्र श्री धनराज त्रिवेदी निवासी 1502, लीला तारा, 15 वां फलोर, फनसुवाडी, बालाजी मंदिर के पास, कालबादेवी, मुम्बई । जरिये हाजा इत्तला दी जाती है कि....... अपीलान्ट चुनीबाई....... ने इस मुकदमें मे मातहत अदालत: वरिष्ठ सिविल न्यायालय, सिरोही द्वारा पारित आदेश दिनांक 16.08.2022 के विरुद्ध अपील पेश की, जो इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर की गई और .... सोमवार 11 तारीख 08 माह 2025 सन् को पेशी इस अदालत में अपील सुनवाई हेतु मुकर्रर की गई है । अगर आपकी तरफ से आप स्वय, आपका वकील या और कोई शख्स कानूनन इस अपील की आपकी तरफ से पैरवी कर सकता हो हाजिर नही हुआ तो आपकी अमद मौजुदगी में अपील सुना व फैसला किया जाएगा । आहाग रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जाएगा । बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज व तारीख 31 माह 07 सन् 2025 को जारी किया गया ।

मोहर

वरिष्ठ मुसरिम
जिला न्यायालय
सिरोही (राज.)

जालोर में साहित्यिक परिचर्चा, काव्य गोष्ठी आयोजित

जालोर, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर की ओर से स्वर्णगिरी का स्वर्णिम इतिहास विषय पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने जालोर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जालौर के इतिहास के कई अनछुए पहलुओं पर कार्य करना बाकी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर शोध की आवश्यकता है। लेखक मनोहर सिंह कोटडा ने कहा कि राजस्थानी की पहली पुस्तक का लेखन जालौर में ही हुआ था। उन्होंने कहा कि जालौर दुर्ग को यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में स्थान मिलना चाहिए। अधिवक्ता हरिशंकर राजपुरोहित ने दुर्ग के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में जानकारी प्रदान की। संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष जितेंद्र जालोरी ने कहा इतिहास की पुस्तकों में जालौर के इतिहास पर बहुत कम लिखा गया है। जालौर का विस्तृत इतिहास लेखन अभी बाकी है। उन्होंने विभिन्न लेखकों के द्वारा जालौर के इतिहास पर लिखी महत्वपूर्ण पंक्तियों को भी पढकर सुनाया।

कलैक्टर ने गुडा बालोतान ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल की

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को गुडा बालोतान ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर, आहोर तहसीलदार मोहित आशिया सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बादनवाडी पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्रापं/मनरेगा/2025-26/227 दिनांकः 05/08/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बादनवाडी के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है । ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2526A0440
UBN No. - ZJR2526GLOB00710

सरपंच/ प्रशासक
ग्राम पंचायत बादनवाडी
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बादनवाडी
पंचायत समिति जालोर

'मां का दूध अमृत के समान'

बालोतरा, (निसं)। राजकीय नाहटा जिला चिकित्सालय के शिशु विभाग में विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विस्तृत जन जागरूकता कार्य म का आयोजन किया गया। इस कार्य म का उद्देश्य नवजात शिशुओं और माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्तनपान के महत्व को उजागर करना थाइस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात ने उपस्थित माताओं और परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि माँ का दूध नवजात के लिए अमृत के समान है। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है, मानसिक विकास में सहायक होता है और उसे कई बीमारियों से बचाता है। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे शिशु को कम से कम छह महीने तक केवल स्तनपान कराएँ और उसके बाद पूरक आहार के साथ भी इसे जारी रखें। स्तनपान प्रबंधन इकाई प्रभारी डॉ. मगराज नैन ने भी माताओं को स्तनपान के वैज्ञानिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह माताओं को भी स्तन कैंसर, डिप्रेशन और मोटापे जैसी बीमारियों से बचाता है। कार्य म में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चित्र प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से स्तनपान की सही तकनीक और प्रबंधन की जानकारी दी।

"हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में हुई जागरूकता गतिविधियाँ

जालोर, (कासं)। "आजादी का अमृत महोत्सव" के आयोजन की श्रृंखला में जिले में 9 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में तिरंगा आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया तथा शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को तिरंगा झण्डे के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। व्याख्याता प्रियंका शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने तिरंगे से जुडी जानकारी को अभिव्यक्त करते हुए विभिन्न चार्ट तैयार साथ ही विद्यार्थियों को तिरंगे की विकास यात्रा तथा तिरंगा फहराने के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

OFFICE OF THE DY. CONSERVATOR OF FOREST , WILDLIFE, JAISALMER

No:F( )Store / DCFWL /2025/5476 Date : 04.08.2025

E -NOTICE INVITING TENDER

Bids for RCC Straight post, Chain link fence and Galvanized Barbed wire as per below ENIB Number under Wildlife Division Jaisalmer are invited from interested bidders 04.08.2025 to 13.08.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov. and https://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

NIB Code	UBN No.	Tender ID
FOR2526A0943	FOR2526GLOB01207	2025_FORES_492340_1
FOR2526A0945	FOR2526GLOB01210	2025_FORES_492350_1
FOR2526A0947	FOR2526GLOB01211	2025_FORES_492356_1

Dy.Conservator of Forest
Wildlife Jaisalmer

बालिकाओं के साथ हो रहे अपराधों पर जताया आक्रोश, कार्रवाई की मांग

बाडमेर, (निसं)। बेटियों को बचाने के लिए बुधवार को सर्व समाज सडकों पर उतरा और जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग करते हुए बेटियों के प्रति बढ रहे अपराधों की रोकथाम व अंकुश लगाने की बात रखी। इससे पूर्व राय कॉलोनी स्थित जांगिड पंचायत भवन में अखिल जांगिड ब्राह्मण जिला सभा बाडमेर के नेतृत्व में सर्व समाज का बैङ्गक का आयोजन हुआ जिसमें जिले भर से समाजों व संस्थाओं के अध्यक्ष , प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैङ्गक में पिछले दिनों जिले के गोलिया (जेतमाल) व धनाऊ क्षेत्र में सुथार समाज के परिवारों के साथ हुई निंदनीय व पीडादायक घटनाओं को लेकर आक्रोश जताते हुए निंदा की गई। जांगिड ब्राह्मण जिला सभा बाडमेर के जिलाध्यक्ष निंबाराम जांगिड भियाड ने कहा कि जो घटनाक्रम हुआ वह अत्यंत निंदनीय और पीडादायक है, जिससे न केवल सिर्फ पीडति परिवार बल्कि पूरा समाज आहत है। इस प्रकार की घटनाओं से सामाजिक सौहार्द व आपसी भाईचारे में दरार उत्पन होती है जो कि किसी भी समाज के लिए उचित नहीं है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में नाबालिग बालिकाओं को बहलाकर ले जाना, ब्लैकमेल करना, उनका शोषण करना जैसी घटनाएं बढ रही है।

क्षेत्रों में ऐसे असमाजिक तत्व एक गैंग बनाकर इन नाबालिग बालिकाओं को निशाना बनाते है और उन्हें अपने जाल में फंसाकर उनका शोषण करते है। यह हम सब की जिम्मेदारी है कि ऐसे असमाजिक तत्वों से अपने परिवारों को बचाए और इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। पुलिस प्रशासन भी इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करे। समय रहते सजग नहीं हुए तो परिवारों को तबाह होते देर न लगेगी। ऐसे असमाजिक तत्व सामाजिक सौहार्द व आपसी भाईचारे के लिए खतरा है। बैठक को विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए अपनी बात रखी और इस मुद्दे पर गंभीरता के साथ आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

बैठक के बाद सैकडों की तादाद में सर्व समाज के लोग पैदल मार्च करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री ने नाम जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस थाना गुडामालानी व धनाऊ में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट पर निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए मुलजिमानो की गिरफ्तारी की मांग की गई। साथ ही उक्त गैंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। उक्त प्रकरणों में पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे सर्व समाज में रोष व्याप्त है। जिसके चलते सर्व समाज द्वारा पीडति परिवारों को न्याय दिलाने और मुलजिमों की गिरफ्तारी को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी गई है जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

कुछ समय से क्षेत्र में ऐसे असामाजिक तत्व पनप रहे है जो नाबालिग बालिकाओं को सुनियोजित तरीके से षड्यंतपूर्वक अपने जाल में फसाते है, फिर उन्हें ब्लैकमेल कर शोषण करते है, शादी का दबाव बनाते है और जैसे ही बालिग होते है उन्हें षड्यंतपूर्वक भगा कर ले जाते है या अपहरण कर लेते है और उनकी आर्य समाज में जबरदस्ती शादी के कागजात तैयार कर उनको अपने कब्जे में लेकर बैङ्ग जाते है।

इन लोगों की एक अवैध गैंग बनी हुई है जो इस तरह के कार्य में लिप्त है। जब परिजनों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो यह गैंग परिजनों से भारी भरकम राशि की मांग करते है, राशि नहीं देने पर बच्चियों को जान माल का नुकसान पहुंचाने, आगे बेचने, देह शोषण में लिप्त करने की धमकियां देते है। पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त घटनाओं पर कोई अंकुश नहीं लगाने, मुलजिमानो को गिरफ्तार नहीं करने से उक्त घटनाएं दिनों दिन बढ रही है। जिससे सर्व समाज में भय व्याप्त है । सर्व समाज द्वारा ऐसी घटनाओं पर चिंता भी जाहिर की है और आक्रोश भी जताया है। बैठक में जांगिड पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर,जागिड ब्राह्मण मारवाड सभा के अध्यक्ष हरीश जांगिड मारुडी,जांगिड ब्राह्मण जिला सभा जिलाध्यक्ष निंबाराम जांगिड भियाड, केशाराम सुथार धोरीमना, गोपाल सिंह राजपुरोहित, लूणसिंह झाला, हनुमान सैन, प्रो पांचाराम चौधरी, भाखरसिंह सोनडी, रूपसिंह राङ्गौड चौहटन, मगाराम नैण धोरिमना, गणेश बिजाणी, रहीम खान छिपा, बांकाराम जांगिड, नाथूराम जांगिड, मानाराम, गणेश कुमार सहित सैकडों की संख्या में सर्व समाज के अध्यक्ष, प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।